**खबर संक्षेप**

### श्री चित्रगुप्त जयंती पर कायस्थ समाज की शोभायात्रा का आयोजन आज



**शहडोल।** कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्तजी की जयंती के अवसर पर नगर में आज 14 मई को शोभायात्रा निकाली जाएगी । इस संबंध में जानकारी देते हुए कायस्थ महासभा शहडोल के अध्यक्ष सुनील खरे एवं सचिव कृष्णकांत श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा का शाम 4 बजे से अभयकुंज परिसर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा इंदिरा चौक से रवाना होकर गांधी चौक, जय स्तंभ होते हुए पाली रोड स्थित बूढ़ी देवी मंदिर परिसर स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर पहुंचेगी । यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया जायेगा, शोभायात्रा के समापन के पश्चात श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में कायस्थ समाज के महापुरुषों पर आधारित झांकी, भगवान श्रीचित्रगुप्तजी के परिवार की सजीव झांकी, कलम- दवात के मॉडल भी रखे जाएंगे।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद्/राष्ट्रीय बजरंग दल शहडोल जिला की बैठक संपन्न



**शहडोल।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल जिला शहडोल की बैठक स्थानीय राजेन्द्र टाकीज परिसर में संपन्न हुई जिससे प्रांत प्रशिक्षण वर्ग हेतु कार्य योजना बनी बैठक की , अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् के क्षेत्र महामंत्री माननीय डॉक्टर एल.बी.सिंह चंदेल ने की उक्त बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री शक्ति सिंह चंदेल, प्रांत महाकौशल के कार्यालय मंत्री विनोद राजपूत, विभाग संगठन मंत्री अरविंद, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् जिला शहडोल के कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण यादव, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष देवेंद्र अनुरागी, जिले के छात्र परिषद् के अध्यक्ष कृतार्थ सिंह सहित मेहुल श्रीवास्तव, सुभाष जायसवाल सहित अन्य जिला व नगर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पाल धनगर समाज निकालेगा विशाल रैली



**शहडोल।** संभाग के तीनों जिलों शहडोल, उमरिया, अनूपपुर में निवासरत पाल, धनगर, गडरिया, समाज के लोगों की बैठक में आगामी 31 में को माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। पाल समाज के संभागीय अध्यक्ष कमलेंद्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे संभाग में निवासरत सभी स्वजातीयबंधु शहडोल नगर पालिका कार्यालय परिसर स्थित मानस भवन में उपस्थित होंगे। मानस भवन में समाज की सभा के साथ समाज में अच्छे काम कर रहे लोगों और कक्षा 10 वीं, 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। मानस भवन शहडोल में भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा, जो नगर के विभिन्न चौराहों से गुजरेगी।

### चुनाव लड़ता रहा, मीटिंग करता रहा, फिर भी नहीं दिखा पुलिस को

# धोखाधड़ी के मामले में फरार कोयला व्यवसायी 8 वर्ष में पकड़ाया



शहडोल।

बुढ़ार के स्वनामधन्य कोयला व्यवसायी व राजनीति में अपनी पैठ रखने वाले पंडित किशोरी लाल चतुर्वेदी पिता स्व. लक्ष्मण प्रसाद को अंततः पुलिस की फजीहत झेलनी पड़ी। सोमवार को उन्हे ब्यौहारी पुलिस ने बुढ़ार वार्ड क्रमांक 13 सिंधी बजार से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। उन पर यह कार्रवाई करीब 8 साल पुराने एक मामले को लेकर की गई जिसमें वे निरंतर फरार चल रहे थे। उन पर पुलिस ने 5 हजार का ईनाम भी घोषित किया था। उनके मामले में पुलिस ने पहले तो रवांदारी निभाई बाद में उसी पुलिस ने उन्हे दबोच कर जेल तक पहुंचा दिया। ज्ञातव्य है कि जिस दौरान उन्हे फरार दर्शाया जाता रहा उस दौरान वे जिला पंचायत में सदस्य और उपाध्यक्ष थे। निरंतर शहडोल आना जाना करते थे और अफसरों के साथ मीटिगें करते थे।

#### धोखाधड़ी का यह था मामला

जारी पुलिस जानकारी के अनुसार हालांकि पंडित किशोरी चतुर्वेदी पिछले 44 वर्षों से आपराधिक कृत्यों में लिप्त थे और उन पर हत्या समेत दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। खास तौर पर कोयला चोरी में उनका नाम सबसे पहले लिया जाता था। लेकिन जिस मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई वह ब्यौहारी थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी करने का है। बताया गया कि दिनांक 18 अप्रेल 2016 को ट्रक नंबर 3357 का चालक घनश्याम मेहरा ट्रक मे आमाडाड़ से अवैध कोयला लोड कर बुढ़ार लाया था। बुढ़ार से अमर प्रेम ट्रांसपोर्ट मैनेजर अनिल कुमार शर्मा और अमर प्रेम ट्रांसपोर्ट बुढ़ार तथा ट्रक के मालिक किशोरीलाल चतुर्वेदी ने फर्जी बिल्टी तैयार कर अवैध कोयले को परिवहन कर सतना के लिए रवाना कर दिया था। मुखबिर की सूचना पर थाना ब्यौहारी में ट्रक को रोककर चेक करने व ट्रक मे लोड कोयले की बिल्टी की जांच करने पर फर्जी बिल्टी पकड़ी गई। ट्रक से कोयले को अवैध रूप से सतना परिवहन करना पाये जाने पर अपराध क्रमांक 254/16 धारा 420, 467, 468, 471, 34 ताहि., 21(4) खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। उक्त प्रकरण के विवेचना मे आरोपी चालक घनश्याम मेहरा और मैनेजर अनिल कुमार शर्मा की गिरफ्तारी पूर्व मे हो चुकी है। आरोपी किशोरी लाल चतुर्वेदी को इस घटना में फरार बताया गया और उनके विरूद्ध 5000 रूपये का ईनाम घोषित कर दिया गया था।

#### राजनीतिक सक्रियता ऐसी थी

पुलिस ने एक ओर तो पं. किशोरी लाल चतुर्वेदी को फरार बताकर ईनाम की घोषणा की जबकि दूसरी ओर श्री चतुर्वेदी सरेआम बुढ़ार व शहडोल में घूमते रहे और राजनीति में भी सक्रिय रहे। पूर्व में 2010 के दौरान हुए जिला पंचायत चुनावों में जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-4 विकास खण्ड जयसिंहनगर से वे जिंप सदस्य चुने गये थे और इसके बाद उपाध्यक्ष भी चुने गये। 2015 तक वह शहडोल जिला पंचायत के उपाध्यक्ष रहे, इसके बाद हुए चुनावों में उन्होंने अपना क्षेत्र बदला और वार्ड नंबर 9 बकहो क्षेत्र, बुढ़ार जनपद से जिंप सदस्य चुने गय।

#### खूब निभाई पुलिस ने दोस्ती?

ठीक एक साल बाद अप्रैल 2016 में उनके ऊपर गंभीर मामला दर्ज हुआ। जिला पंचायत सदस्य रहने के दौरान वह फरार बताए गए थे। दूसरी तरफ जिला पंचायत के रिकार्ड इस बात के गवाह हैं कि इस दौरान वे न सिर्फ जिंप की बैठकों में लगातार शामिल हुए, बल्कि तत्कालीन कलेक्टर, कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक के साथ तमाम बैठकों में शिरकत भी करते रहे। बकहो से चुनाव लडऩे के दौरान वे भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी थे। 2018 के विधानसभा चुनावों में सपाक्स पार्टी का दामन थाम कर अनूपपुर जिले के कोतमा से विधानसभा चुनाव भी लड़ा। शहडोल के जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 से चुनाव लड़ा, संभवतः 26 मई से 06 जून 2022 के बीच कलेक्ट्रेट शहडोल पहुंचकर तत्कालीन एडीएम अर्पित वर्मा को अपना नामांकन अपने हाथों से सौंपा। विधानसभा के चुनाव 2023 में वे कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल के लिए कांग्रेस का प्रचार करते हुए देखे गये। हैरानी की बात यह है कि इन तमाम सार्वजनिक राजनीतिक गतिविधियों में उनकी खुली सक्रियता के बावजूद पुलिस को वे कहीं नजर नहीं आए। इसका कारण क्या था ? यह समझ के परे है।

## प्रधानमंत्री सडक़ की देखते ही देखते उड़ गई धज्जियां



बिरसिंहपुर पाली।

जनपद पंचायत की ग्राम घुनघुटी से कांचोदर, पनवारी की 8 किलो मीटर की सडक़ की देखते ही देखते कुछ दिनों के अंदर सडक़ की धज्जियां उड़ गई, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं ओवरलोड मुरूम, रेत, लोड लेकर सडक़ की धज्जियां उड़ा रहे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की ओर ले जाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रहे है, उन्हीं योजनाओं में से एक योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना भी है, इस योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की रोड सडक़ का निर्माण करना है, लेकिन इन योजनाओं को मानक विहीन बनाकर ठेकेदार व कर्मचारी मोटी रकम बचा रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण पाली जनपद के मालाचुआ से घुनघुटी,कांचोदर के बीच का है, जहां सडक़ जर्जर थी, वहां केवल डामर की पतली परत डाला जा रहा है, मीडिया ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत जो सडक़े बनाई जाती है, उसकी क्षमता 12 टन तक भार वाली गाडिय़ों के गुजरने की ही होती है, लेकिन इन सडक़ों में तो 70 से 80 टन भार लेकर गाडिय़ां गुजरती हैं, इसलिए यह सडक़ बनने से कुछ माह बाद ही उखडऩे लगती हैं, संबंधी विभाग में बगैर ट्रैफिक गणना किये डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेज देते हैं, जिसके आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति मिलती है, नियम के अनुसार बनने वाली सडक़ का सर्वे किया जाए, ताकि पता चल सके की सडक़ बनने के बाद इस पर ट्रैफिक का कितना दबाव रहेगा, ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखते हुए सडक़ बननी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

## भाजपा नेता ने सरेराह की गुण्डागर्दी



**शहडोल।** कोतवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ार रोड स्थित के पास भाजपा नेता ने सरेराह रविवार की रात कुछ युवकों के साथ मिलकर एक दुकान मालिक के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो भी वॉयल हो गया। वॉयरल वीडियो में कुछ लडक़े एक युवक को लात-घूसों से पीट रहे हैं। युवक को बचाने के लिए मदद की गुहार लगा रहा है, लेकिन लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। कोतवाली प्रभारी राघवेन्द्र तिवारी ने बताया कि पुलिस लाईन निवासी जय सोनी की धुरवबार के पास किराना दुकान है, वह अपनी दुकान में था, तभी भाजपा नेता गोल्डी दुबे और उसके साथी दुकान पर पहुंचे और कुछ सामान ले लिया, इसके बाद सामान के पैसे देने से मना कर दिया, इस पर जय सोनी ने विरोध किया, पैसे की मांग की तो, गोल्डी दुबे और उसके साथियों ने मिलकर जय सोनी को दुकान से बाहर खींच लिया और पिटाई कर दी। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## युक्ता ने 12 वीं में अर्जित किये 92 प्रतिशत अंक



**बुढ़ार।** नगर में रहने वाले हरीष कुमार मोटवानी व कंचन मोटवानी की पुत्री युक्ता मोटवानी ने कक्षा 12 वीं में 92.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार और नगर का नाम रौशन किया है, युक्ता स्थानीय कार्मल कान्वेंट विद्यालय की छात्रा है, विद्यालय में उसे दूसरी रैंक प्राप्त हुई है। युक्ता की उपलब्धी पर बुढ़ार सिंधी समाज के अध्यक्ष दौलत मनवानी के साथ ही कैलाश विशनानी, बल्लू विशनदसानी, सोनू आहूजा, दीनू मंगलानी, लीलाराम जगवानी, रामयश मलानी, प्रकाश कृष्णानी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## समर्पण दिवस पर निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन





**शहडोल।** संत निरंकारी मिशन शहडोल के द्वारा स्थानीय शुभम पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, गौरतलब है कि आज के दिन को निरंकारी मिशन समर्पण दिवस के रूप में मनाते आया है, आयोजन के दौरान दर्जनों की संख्या में स्थानीयजनों ने न सिर्फ अपनी सहभागिता दर्ज कराई बल्कि इस दौरान दूसरों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए खुद भी रक्तदान किया, इस संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रकाश ओचानी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, रक्तदान के कार्यक्रम में जसबीर सिंह दुआ पप्पू भईया पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 19 ने 50 वीं बार रक्तदान किया, श्री सिंह आज तक लगभग 500 लोगों से रक्तदान करवा चुके हैं।

## सीनियर सिटीजन एसोशिएशन ने वितरित की चप्पल

शहडोल।

सीनियर सिटीजन एसोशिएशन द्वारा शनिवार को बाजार के दिन महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को भरी दोपहरी में 200 जोड़ी चप्पलों का वितरण किया गया। ग्रामीणों में एक उत्साह था कि संस्था द्वारा इस तपते हुए मौसम में हमारी फिक्र की गई। वितरण समारोह कार्यक्रम हेड पोस्ट ऑफिस की गली में दीपक ढोढी के कार्यालय में किया गया। रविवार को सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की मासिक बैठक संस्था के सचिव टी.पी. मिश्रा के अध्यक्षता में एवं राजेन्द्र अग्रवाल के सौजन्य से होटल राजभोग में सम्पन्न हुई।



बैठक में अन्य चर्चाओं के दौरान वरिष्ट रिटायर्ड बैंक अधिकारी जीतेन्द्र सिंह ने बैंक में हो रहे अपराधों के विषय में बताया कि बैंक द्वारा कभी भी अपने ग्राहकों को फोन करके खाता क्रमांक, ओटीपी एवं अन्य जानकारी नहीं मांगते हैं। फ्राड कंपनियां एवं लोग आपको लालच देकर खाता क्रमांक ओटीपी एवं अन्य जानकारी हासिल करके आपके ही खाते से पूरी रकम निकाल ले जाते हैं, अतः कभी भी अपने खाते की जानकारी किसी को न देने की सलाह की गई।

वर्तमान में हो रहे परीक्षाओं के परिणाम आने के बाद सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जून या जुलाई में वृहत्त रुप से आयोजित किया जायेगा। बैठक में संस्था के सर्व टी.पी. मिश्रा, डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, जीतेन्द्र सिंह, एम. आर. गोयल, राधेश्याम शुक्ला, कमल मूंदड़ा, एस. के. सिंह परमार, राजकुमार सिंह, डॉ. जी.डी. सिंह, पवन मूंदडा, राजेन्द्र अग्रवाल, महेन्द्र श्रीवास्तव, महेन्द्र बियानी, अमरनाथ सिंघानियां, अरुण अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, सुहास वासुदेव, सुरेन्द्र अग्रवाल, दीपक ढोढी उपस्थित हुए।

### शिक्षक समाज का गढ़ता है भविष्यः कमिश्नर

# कमिश्नर ने संभाग स्तरीय मोटिवेशनल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया संबोधित

शहडोल

कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कहा है कि शिक्षण की सेवा बहुत ही पवित्र सेवा होती है। हम सब का धर्म है कि हम जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उस क्षेत्र का मान और सम्मान बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जैसा चाहे वैसा समाज का निर्माण कर सकता है, शिक्षक ही बेहतर समाज गढ़ता है। संभाग में शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतर वातावरण का निर्माण हो इस के लिए सभी शिक्षक मिलकर समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक विद्यार्थियों को कैसे पढऩा है कैसे आगे बढ़ाना है, वह बखूबी जानते हैं, बस जरूरत है, मिलकर प्रयास करने की। सभी शिक्षक समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। कमिश्नर बी.एस. जामोद आज शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में आयोजित संभाग स्तरीय मोटिवेशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्मेष में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संभाग को सभी शिक्षक अग्रणी बनाएं। शिक्षा एवं विकास एक दूसरे के पूरक होते हैं। जहां बेहतर शिक्षा होगा, वहां विकास भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि हमारा संभाग खनिज, वन, प्राकृतिक संपदा से विकसित है, इसी प्रकार हम सभी समन्वित प्रयास करें तो हमारा संभाग शिक्षा में भी विकसित हो सकता है। शिक्षक समाज का दर्पण होता है, सभी शिक्षक अपना दायित्व जिम्मेदारी के साथ निभाए। कमिश्नर ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय में




विद्यार्थियों को ऐसा माहौल प्रदान करें कि जिससे विद्यार्थी आनंद और उत्साह के साथ विद्यालय आए। उन्होंने कहा कि हर एक विद्यार्थी में कुछ ना कुछ विशेष टैलेंट होता है, जरूरत है उसे टैलेंट को पहचानने की। सभी शिक्षक विद्यार्थियों में वह टैलेंट खोजें तथा उसे उस क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास करें। जिससे गांव जिला एवं प्रदेश में हमारे संभाग का नाम गूंजे। उन्होंने कहा कि पुराने समय में जो गुरु की प्रतिष्ठा कायम थी, वह धीरे-धीरे कम हो रही है। वह प्रतिष्ठा पुनः एक बार कायम करना है।

कमिश्नर ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय से घर जाते समय आत्म चिंतन जरूर करें कि विद्यालय को बेहतर बनाने के दिशा में आज क्या बेहतर प्रयास किया है। अगर प्रयास में कुछ कमी रह जाती है तो दूसरे दिन दुगनी रफ्तार से आनंद के साथ वह कमी पूरी करें। उन्होंने कहा कि ज्यादातर शिक्षक शहडोल संभाग के निवासी हैं, यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि आपको आपके जन्म एवं कर्मभूमि में ही सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर का लाभ उठाएं और शहडोल संभाग के विद्यार्थियों का जीवन श्रेष्ठ बनाएं यह आपका कर्तव्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती उषा सिंह ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। बच्चे शत प्रतिशत स्कूल पहुंचे, बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में कैसे जोडऩा है, इस हेतु यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गुरु और शिष्य के स्नेह के संबंध में जो कमी आ रही है, उसे दूर करने हेतु प्रशिक्षण कार्य आयोजित किया गया है, उसका विश्लेषण कार्यक्रम है। सभी शिक्षक यह प्रशिक्षण पूरे मनोयोग से ले।

कार्यक्रम में शिक्षक श्रीमती सुनीता साकेत, ऋषि पाठक, रामनिवास शाह, नीरज गुप्ता सहित अन्य शिक्षको ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षकों को पिरामल फाऊंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में वीडियो के माध्यम से शिक्षकों को शिक्षा पद्धति में विद्यार्थियों से व्यवहार, विचार, समन्वय एवं मार्गदर्शन संबंधी बातें भी बताई जा रही है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनूपपुर अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, सहायक संचालक जनजातिया कार्य विभाग अशोक शर्मा सहित शिक्षक गण उपस्थित थे।

## नवजातो के स्वास्थ्य पर रहेगी पैनी नजर



**शहडोल।** जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं की सामान्य एवं आवश्यकता होने पर आकस्मिक देखभाल के लिए शासकीय बिरसा मुण्डा चिकित्सा महाविद्यालय मे कौशल आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार रावत (पूर्व विभागअध्यक्ष मेडिकल कॉलेज सागर, डॉ.उमेश नामदेव सीनियर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. निशांत प्रभाकर विभागअध्यक्ष मेडिकल कॉलेज, शहडोल डॉ.हरि नारायण तिवारी शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज, शहडोल द्वारा जिले के विभिन्न प्रसव केंद्रों एवं नवजात शिशुओं के उपचार हेतु उपलब्ध विभिन्न इकाइयों एन.आई.सी.यू., एसएन.सीयू. एवं एन बी.एस.यू मे कार्यरत चिकिसकों एवं नर्सिगऑफिसर को शिशु चिकित्सा की बारिकियो से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया गया। इससे पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए प्रोफेसर डॉ. गिरीश बी. रामटेके डीन बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज ने कहा कि यह प्रशिक्षण नवजात चिकित्सा के लिए वरदान साबित होगा। इस प्रशिक्षण के जरिए हम यह कोशिश कर रहें है कि नवजातो के उपचार इकाई से जुड़े चिकित्सीय अमले को हम इतना ट्रेंड कर दें, जिससे वह नवजातो के अंदर होने वाली बीमारी का जन्म के समय ही पता लगाकर उसका उजचार शुरू कर दें। ताकि प्रारंभिक अवस्था मे ही बच्चे का समुचित उजचार हो जाए। निश्चित ही मेडिकल कॉलेज मे इस तरह के प्रशिक्षण नवजातो के लिए वरदान जैसा साबित होगा। मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद से अब संभागवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए मिलने लगी है। कार्यक्रम के समय डॉ. ए. के. लाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ साबिर खान अस्पताल प्रबंधक एवं इंडिया हेल्थ एवं एक्शन ट्रस्ट की राज्य एवं जिला स्तरीय एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मेनिटोबा टीम मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### घर से बिना बताये लापता हुई पुत्री, शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत सिलपुर निवासी बबन सिंह गोड ने 13 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि उसकी छोटी पुत्री 20 वर्षीय 27 मार्च को दोपहर में घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी पता तलाश करने के बाद उसका कहीं पता नहीं चला। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला कायम करते हुए विवेचना में लिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल ने थाने में की शिकायत

**कोतमा।** पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आगे निवास करने वाले अविनाश पिता पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने 13 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि हुआ है 7 अप्रैल की रात्रि में खाना खाकर घर से टहलने के लिए केशवाही रोड में निकला था वापस आते समय रास्ते में पीछे से रफीक गैरेज का मिस्त्री मामा मुसलमान ने पीछे से मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी जिससे उसके हाथ में चोट लगी थी इलाज के लिए जब वह शहडोल निजी क्लिनिक गया तो वहां डॉक्टरों ने हाथ फैक्चर होना बताया उसके बाद हाथ का ऑपरेशन करवाने के लिए वह बिलासपुर चला गया जहां उसके हाथ में राड लगा हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने मामा मुसलमान के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### छात्रा लक्ष्मी साहू ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया गौरवान्वित



**चचाई।** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल धनपुरी आईसी एससी एवं आई सी बोर्ड 2023-24 के कक्षा 10 वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम विगत सोमवार को घोषित किया गया जिसमें विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी साहू जो ग्राम पंचायत कैलोरी निवासी संतोष कुमार साहू की पुत्री हैं जिन्होंने विज्ञान संकाय में 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया है छात्रा की इस उपलब्धि ने विद्यालय एवं ग्राम वासियों को गौरवान्वित किया है।

### श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में स्वच्छता पखवाडा के तहत नगरीय क्षेत्रों में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अभियान को और अधिक गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के कार्यो के लिए यह मौसम सबसे उपयुक्त है। जिले के सभी नगरीय निकायों में महत्वपूर्ण जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य किया जाए। इस कार्य में स्वयं सेवी संस्थांओं , स्थानीय नागरिकों तथा शासकीय अमले का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### बारिश पूर्व शुरू किया गया नालों की सफाई कार्य

**कटनी।** बरसात के पूर्व हर वर्ष की तरह नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नाले नालियों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद एवं नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के नेतृत्व में शहर में मौजूद नाले नालियों की सफाई तीव्रता से प्रारंभ हो चुकी है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे साफ सफाई अभियान को लेकर जानकारी देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बरसात के समय जल भराव की स्थिति को रोकने एवं जल प्रवाह को बनाए रखना और गंदे पानी में जन्म लेने वाले कीटाणुओं की रोकथाम के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नाले नालियों की सफाई प्रारंभ कर दी गई है। नाले नालियों की सफाई करते हुए उनमें कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

## वेण्डर फर्म, पंचायत सचिव व खनिज विभाग की सांठगांठ से धांधली

# चोरी की मुरुम से चल रहे सरकारी काम, धरपकड़ नहीं

**शहडोल।** जिले भर की अधिकांश ग्रामपंचायतों में खनिज विभाग, वेण्डर संस्थाओं और ग्रामपंचायतों की सांठगाठ से जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है और सरेआम शासकीय विलों का आहरण हो रहा है, लेकिन न तो आपत्ति लगाई जाती और न कोई कार्रवाई प्रस्तावित की जाती है। इस मामले में जयसिंहनगर जनपद की पंचायतें शायद सबसे आगे हैं, जहां वेण्डर फर्में सबसे अधिक मजे में हैं। मनमानी माल सप्लाई कर भारी भरकम भुगतान प्राप्त कर रहीं हैं। उनके इस काम में खनिज विभाग और पंचायत सचिव साझीदार बने हुए हैं। इस जनपद की कई पंचायतों में निर्माण कार्य चल रहे हैं लेकिन न तो कोई रेत की रायल्टी पूछने वाला है और न कोई यह देखने वाला है कि मुरुम आखिर कहां से ला रहे हैं, जबकि जिले में कहीं मुरुम की खदान नहीं है। पंचायतों में शासकीय प्रावधानों का तो मानो बस्ता ही बंद कर दिया गया है। सारा कुछ सचिव व सरपंच की अनुमति से चलता है।

### यहां चल रहे निर्माण कार्य

जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्रामपंचायतों में अवैध खनिज का उपयोग निर्माण कार्यों में हो रहा है। बताया गया कि कतिरा, जमुनिहा, कनाड़ी खुर्द, घियार सहित दर्जनों ऐसी पंचायतें हैं जहां स्टापडेम, पुलिया, सडक़ निर्माण, बाउण्ड्रीवाल आदि का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इन सभी में कार्य कराने की पद्धति एक जैसी ही है। न तो किसी काम का ग्रामसभा से प्रस्ताव पास कराया गया न पंचों से विचार विमर्श किया जाता। इन कार्यों में क्षेत्रीय आवश्यकतों की पूर्ति उतनी शामिल नहीं है जितना कि चहेतों को लाभ दिलाना है। इसके बावजूद घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### बालाजी ट्रेडर्स का खेल




ग्रामपंचायतों में अधिकांशतः किसी बालाजी ट्रेडर्स नामक वेण्डर फर्म द्वारा मटेरियल सप्लाई का कार्य किया जा रहा है। यह फर्म सरपंच व सचिव की चहेती फर्म बताई जाती है। इस फर्म की सांठगांठ से संतुष्ट सचिव इसके द्वारा प्रस्तुत बिलों को आंखमूंद कर रख लेता है और फिर उसे आहरित कर वितरित कर दिया जाता है। इसके बाद आपस में रकम का बंदर बांट कर लिया जाता है। फर्म को घटिया और निर्धारित तादात से कम मटेरियल देने के बावजूद भरपूर रकम दिलाई जाती है। जिस तरह के मटेरियल की वह सप्लाई करता है उसकी कभी जांच पड़ताल नहीं होती है। सारा कुछ सरपंच व सचिव की मेहरबानी से चलता रहता है।

### खनिज विभाग की चुप्पी

सभी पंचायतों में जहां भी काम चल रहा है वहां मुरुम का उपयोग हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिले भर में कहीं भी मुरुम की खदान संचालित नहीं है, इसके बावजूद पंचायतों के निर्माण में मुरुम का जमकर उपयोग हो रहा है। इसके विल निकाले जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि खनिज विभाग मुरुम की सप्लाई करने वाली फर्म से पूछताछ करने और आपत्ति जताते हुए उसकी गर्दन नापने की बजाय चुप्पी साध कर वेण्डर फर्म का काम आसान करता रहता है। इस कार्य में उसका भी मोटा कमीशन तय रहता है। उसे इस बात से कोई सरोकार नहीं रहता है कि मुरुम जैसा गौण खनिज सरेआम तस्करी की भेंट चढ़ रहा है। शायद ही ऐसी कोई सडक़ होगी जिसमें मुरुम का उपयोग नहीं किया गया होगा। लेकिन कार्रवाई कहीं नहीं हो रही है।

### सरपंच सचिव बढ़ा रहे अपराध

ग्रामपंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में सचिव द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं। एक ओर तो पंचों की उपेक्षा की जा रही है, मनमाने और फर्जी प्रस्ताव पारित कर काम शुरू करा दिए जाते हैं, दूसरी ओर कम दाम के घटिया मटेरियलों का उपयोग कर अधिक भुगतान किया जा रहा है। ठेका प्रक्रिया में भी चहेतों को ही अवसर दिया जा रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र व जरूरतमंद ग्रामीणों को दिलाने की बजाय अपने रिश्तेदारों व चहेतों को अधिक दिलाया जा रहा है।



# न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिला प्रमुख अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों, मानवाधिकार से प्राप्त शिकायतों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों, न्यायालयीन प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल जीवन मिशन तथा विद्युत विभाग नियमित रूप से अपने मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण करके मैदानी अमले को क्रियाशील करें तथा पेयजल एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित कराए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### अवैध शराब पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**उमरिया।** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि वृत्त पाली में मदिरा के अवैध विक्रय, संग्रहण एवं आसवन के विरूध्द कार्यवाही की गई है जिसमें छोटेलाल यादव ग्राम बंधवावारा के अधिपत्य से 16 पाव देशी प्लेन मदिरा, लीलावती बैगा ग्राम बंधवावारा के अधिपत्य से 1 लीटर शराब व 30 किलो महुआ लाहन, शांति बाई ग्राम बंधवावारा के अधिपत्य से 1 लीटर हाथ भट्टी शराब , 30 किलो महुआ लाहन, मनीराम ग्राम घुनघुटी के अधिपत्य से 1 लीटर हाथ भट्टी शराब तथा 30 किलो महुआ लाहन तथा सुंदरिया बाई ग्राम चांदपुर के अधिपत्या से एक लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त की है। कार्यवाही के दौरान 5 प्रकरणो मे कुल 19 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 75 किलोग्राम महुआ लाहन 16 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई है। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 12890 रूपये है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कविता सिंह,राजपति प्रजापति, अंजली गौतम, नगर सैनिक विश्व नाथ कोल सम्मिलित रहे ।



### कलेक्टर की पहल से सुधर रही चिकित्सालय की व्यवस्था

**उमरिया।** जिला चिकित्सालय में जिले भर से आने वाले मरीजों को व्यवस्थित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारियों को दैनिक मानीटरिंग के निर्देश दिए है। इनके द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं की मानीटरिंग कर रिपोर्ट दैनिक रूप से कलेक्टर को सौंपी जा रही है। मानीटरिंग में अस्पताल मे साफ-सफाई, भोजन वितरण, दवाई वितरण, ओपीडी का संचालन, बिस्तर के चादर तकियो की सफाई, चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति, अस्पताल मे उपलब्ध यंत्रों के उपयोग तथा जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण प्रमुख रूप से मानीटर किया जाता है । इस व्यवस्थाओ से जहां अस्पताल में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हुई है, वहीं ओपीडी का संचालन, साफ-सफाई तथा भोजन वितरण मे भी सुधार आया है । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### राजधानी में उमरिया के कवियों का हुआ सम्मान बढ़ाया गौरव

**उमरिया।** अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच, तंजानिया के तत्वाधान में आयोजित भारत को जाने एवं आयुर्वेद को जानेष गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड में दर्ज पुस्तकों के विमोचन अवसर पर तंजानिया की प्रवासी भारतीय ममता सैनी द्वारा साहित्यिक संस्था वातायन एवं उमरिया नगर के दो कवियों, अनिल कुमार मिश्र एवं राजकुमार महोबिया को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए कन्वेंशन सेंटर, कनॉट प्लेस, दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्य कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र शर्मा एवं पद्मश्री अशोक चक्रधर जी के हाथों सम्मानित किया गया बता दें कवि अनिल कुमार मिश्र साहित्यिक संस्था वातायन के सचिव तथा मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति,अखिल भारतीय साहित्यकार परिषद जिला इकाई उमरिया के अध्यक्ष तथा छंदकार दोहाकार गीत-नवगीतकार हैं उनकी रचनाएं देश में पढ़ी सुनी वा कही जा रही हैं,वही नगर के कवि राजकुमार महोबिया शिक्षक तथा देश के चर्चित गीत-नवगीतकार, दोहाकार व मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर ज़िला इकाई उमरिया के अध्यक्ष हैं ,आप दोनों ही कवि निरंतर पूरे देश में साहित्य के क्षेत्र में साहित्यिक संस्था वातायन एवं नगर का निरंतर परचम लहरा रहे हैं साथ ही अखिल भारतीय मंचों एवं कवि-सम्मेलनों में सहभागिता, मंच-संचालन कर रहे हैं,दोनों कवियों के सम्मान पर हर्ष व्यक्त करते हुए वातायन के सभी कवियों सहित पत्रकार बंधुओं ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# सेल्फ डिफेंस लाठी प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण निःशुल्क शिविर शहडोल संभाग कमिश्नर बी.एस जामोद व उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अभय ओहरिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया के द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पाली पुलिस एवं नगर पालिका परिषद पाली के सहयोग से एक माह निशुल्क खेल शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नौरोजाबाद थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी, नगर पालिका परिषद राजू पटेल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेशमा श्याम शर्मा, क्रिकेट कोच नृपेंद्र सिंह, मार्शल आर्ट कोच रश्मि मिश्रा की उपस्थिति में सेल्फ डिफेंस लाठी प्रशिक्षण व गुड टच बैड टच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नौरोजाबाद थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य एक तरफ जहां बच्चों का सर्वपक्षीय विकास करना है वहीं उन के भीतर छुपी प्रतिभा को उभारना भी है। शिक्षा के क्षेत्र में मुकाबले बाजी का दौर शुरू होने के साथ स्कूलों द्वारा ज्यादातर शिक्षा पर ही ध्यान दिया जाता है जिससे उन का शैक्षणिक विकास तो हो जाता है, ऐसे में उन का सर्वपक्षीय विकास करने तथा उन के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए समर कैंप ही एक मात्र ऐसा विकल्प है। उन्होंने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया की मानव दुर्व्यापार संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए, बताया कि अपराधी तत्व बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाकर उनका अपहरण कर लेते है और वे लोग बच्चों के साथ किस तरह से दुर्व्यवहार करते हैं, उनका शोषण करते हैं। हम इससे कैसे बच सकते हैं आदि महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें गुड टच एवं बैड टच का ज्ञान भी कराया। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि सभी खेल व विधाओं के संचालित होने के पश्चात उपस्थित सभी बच्चों व खिलाडिय़ों को पौष्टिक आहार ,केला व बिस्किट ग्लूकोन-डी आदि प्रदान किया जाता है। बड़ी संख्या में युवतियां और बच्चियां आत्मरक्षा का प्रशिक्षण ले रही हैं। इनमें कई मां और बेटी भी साथ में लाठी चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस दौरान युवा हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, राम तिवारी, सुनील प्रजापति, सुभद्रा बैगा, आफरीन अंसारी,सानिया बानो,मेहर अंसारी,नैनी मालवी,माही पटेल, संजीवनी पटेल,श्यामवती बैगा,लष्मी सिंह,सत्यम सेन व सभी उपस्थित रहे।



# प्रतीक्षालय हुआ खंडहर, मरम्मत कराने की ग्रामीण कर रहे मांग

**मानपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत महरोई का यात्री प्रतीक्षालय खंडहर होने की कगार पर हैं, वहीं गर्मी के मौसम में यात्री धूप में वाहनों का इंतजार करते रहते हैं और यात्रियों के बैठने वा धूप से निजात पाने की ग्राम पंचायत के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत महरोई अंतर्गत बना यात्री प्रतीक्षालय खंडहर है व घासो में तब्दील हो चुका है , जिससे यात्री सर्प, बिच्छू जैसे जीव-जंतुओं से डर के मारे यात्री प्रतीक्षालय का उपयोग नहीं करते , जिससे यात्रियों को यात्री प्रतीक्षालय में न ही प्रवेश करते हैं, बल्कि धूप में ही वाहनों का इंतजार करते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने




कलेक्टर धर्णेनद्र जैन, जिला पंचायत सीईओ व मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत महरोई के यात्री प्रतिक्षालय की साफ-सफाई करवा कर बैठने की संमुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

# जिला चिकित्सालय से निकाली गई जन जागरूकता रैली

**उमरिया।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा उमरिया द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय उमरिया से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय उमरिया से गाँधी चौक के रास्ते नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये पुनः जिला चिकित्सालय पहुंची।




रैली की नई थीम ष्मानवता को जीवित रखना थी । जूनियर रेडक्रास / युवक रेडक्रास के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, नशा मुक्ति अभियान, जन जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता, सिकल सेल, टी.वी उन्मुलन, निःशक्तजनों/वृद्धजनों की सेवा के साथ-साथ प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण जिले के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था, जैसे जन हितैषी कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध अपील की गई। उक्त आयोजित जन जागरूकता रैली में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सभापति श्री अखिलेश त्रिपाठी , भारतीय रेडक्रास के सचिव डॉ. के.सी. सोनी, आर.एम.ओं डॉ. संदीप सिंह, पैथालॉजिस्ट डॉ. मुकुल तिवारी, सदस्य अखिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश सोनी, सदस्य राकेश शर्मा, सदस्य नरेश हेमनानी, सदस्य प्रिस छगवानी, सदस्य शिवनाथ साहू सदस्य, तेज सिंह ठाकुर, शुभम त्रिपाठी, अनमोल असाटी शिवम चौधरी, के.जी. पाण्डेय, लैब टेक्नीशियन वीरेन्द्र शर्मा, डी.ई.ओं संजय शर्मा, लैब टेक्नीशियन श्री विनीत साहू एवं जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# पिनौरा में हुई दिनदहाड़े चोरी, नहीं लगा कोई सुराग

**68 दिन के भीतर अज्ञात चोरों ने छठवीं बार की वारदात**

**नौरोजाबाद।** थाना अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही है। इस बार अज्ञात चोरो ने पिनौरा निवासी नारायण दास बर्मन के सुने घर में चोरी की बड़ी घटना को. अंजाम दिया है। नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिनौरा निवासी नारायण दास बर्मन ने बताया की वे लगभग 10 बजे अपने खेत गए हुए थे, जहाँ पर नील गिरी पेड़ की कटाई चल रही थी। उनकी पत्नी सामने के दरवाज़े मे ताला लगाकर आंगनवाड़ी केंद्र गई हुई थी। जब उनकी पत्नी आंगनवाड़ी से लगभग 12 बजे वापस घर आई तो उसने देखा कि सामने लगा गेट खुला हुआ है। उसने जब अंदर का नजारा देखा तो उसके होश उड़ गए। दोनों कमरों रखी पेटीया और अलमारी खुली हुई थी, और सारा समान अस्त व्यस्त था। आलमारी मे रखे लगभग 10 लाख के सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी 10000 अलमारी गायब थे। तब उनकी पत्नी के द्वारा घर में चोरी होने की सूचना मोबाइल फोन के माध्यम से दी गई। इसके बाद उन्होंने अपने घर मे चोरी होने की सूचना नौरोजाबाद थाने में दी गईदो महीने में छठवीं चोरीः उमरिया जिले नौरोजाबाद थाना अंतर्गत अलग अलग



क्षेत्रो मे 68 दिन के भीतर अज्ञात चोरों ने छठवीं बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। नौरोजाबाद क्षेत्र में लगातार दिनदहाड़े हो रही चोरियां के कारण पुलिस व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। बताया गया है कि दिनांक 3 मार्च 2024 को बाबूलाइन निवासी अवध नारायण वर्मा के यहां लगभग 10 लाख की चोरी हुई थी। इसके बाद नौरोजाबाद वार्ड नंबर 7 निवासी वीरेश मिश्रा के यहां दिनदहाड़े लगभग 50 लाख की चोरी हुई थी। इसी क्रम मे विंध्या निवासी अभय बिसे के यहां लगभग 7.लाख की चोरी हुई थी। इसी क्रम मे देवगमा कला निवासी के यहां करीब 50000 की चोरी हुई थी। हालांकि यह चोरी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। दिनांक 10 मई 2024 को नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन निवासी प्रकाश मिश्रा के यहां अज्ञात चोर चोरी की नियत से घुसे जरूर थे, उसी समय प्रकाश मिश्रा के बेटे के घर आने के कारण बड़ी चोरी की घटना होते होते टल गई। चोर केवल दो चांदी के सिक्के ही ले जा सके, यह घटना भी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। नौरोजबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत 68 दिनों के भीतर अलग अलग क्षेत्रो हुई चोरियो का नौरोजाबाद पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई है।


**खबर संक्षेप**

## नालियों की साफ़ सफाई का कार्य निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 13/05/2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 17 छोटी दरगाह गेट से लेकर कोठी गेट तक बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 40 मुकुन्दा वाले बडे.नाले की सफाई कराई गई एवं वार्ड 19 मिश्रा होटल से लेकर हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग, मछली वाला तक का बड़ा नाला की सफाई कराई गई। समान नाका से तिवारी होटल तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई, कलेक्ट्रेट परिसर एवं सिविल लाइन में सफाई कराई गई साथ ही कचरे का उठाव टेक्टर एवं टैम्पो से कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी एवं श्री मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

## अंकिता ने बोर्ड से 98% अंकों से मारी बाजी



**रीवा ।** सोमवार को सीबीएससी बोर्ड ने 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए । रीवा के छात्रों के परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहे हैं। शहर के ज्ञान स्थली स्कूल से 10वी की छात्र अंकिता पटेल ने परीक्षा परिणाम मे 98% से अर्जित किया है। अंकिता का मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड में 100 में 100 अंक आए हैं वही इंग्लिश में 98 हिंदी कोर्स बी में 94 साइंस में 98 व सोशल साइंस में 98 अंक आए है। अंकित की माता अनिता पटेल ग्रहणी है वही अंकित के पिता द्वारिका पटेल पुलिसकर्मी है। अंकित भविष्य में सिविल इंजीनियर बनना चाहती हैं। अंकित प्रतिदिन 14 से 15 घंटे की पढ़ाई करती हैं। उनकी पढ़ाई में परिवार और स्कूल के शिक्षको का पूरा सहयोग रहता था। उन्होने अपनी इस कामयाबी के लिए परिवार के साथ ही स्कूल के शिक्षकों का ध्यनवाद किया है।

## सुरक्षा, सावधानी ही लू से बचाव का है उपाय

**रीवा।** जिले में पिछले दिनों में हुई वर्षा के कारण तापमान में कुछ कमी आयी है लेकिन धूप अभी भी बहुत तेज है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत में तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## की जा रही है स्ट्रांग रूम की निगरानी

**रीवा।** 26 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान के बाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में सील बंद कर सुरक्षित संधारित की गई हैं। इंजीनियरिंग कालेज रीवा में विधानसभावार बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं।

### नगर पालिका की लापरवाही के कारण धनपुरी में गहराया पेयजल संकट

# मेंटेनेंस में मनमानी, नहीं मिल पा रहा पानी

*गर्मी आते ही नगर के विभिन्न वार्डों में पानी सप्लाई की समस्या शुरू हो जाती है एक ओर नगर पालिका पानी सप्लाई करने वाला पंप जल जाने से वार्ड मे पानी सप्लाई समय पर नहीं हो पाता, वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली का रोना सुबह से रात तक आना-जाना बना रहता है जिससे वार्डों में पानी सप्लाई पर्याप्त मात्रा में घरों में नहीं पहुंचता जिससे वार्डवासियों रोष व्याप्त है।*

**धनपुरी।**

पंप मेंटेनेंस में गोलमाल बताया जाता है कि पानी सप्लाई करने वाली भारी भरकम मोटर पंप के मेंटेनेंस के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं फिर भी आए दिन पंप जलने की चर्चा की जाती है। पंप की मरम्मत मेंटेनेंस के नाम पर भारी धनराशि खर्च हो रही हैं लोगो का कहना है कि नगर परिषद की बैठक में यह बात उठानी चाहिए। आखिर धनराशि कहा कहां कितना मेन्टीनेंस मे खर्च हो रहा है इसके पूर्व में भी मेंटेनेंस में कितना धनराशि खर्च हुए थे।कोई विकल्प नहींनगर पालिका के द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था नगर वासियों के लिए नहीं बनाई गई इमरजेंसी पड़ने पर वार्डों में पानी मिल सके नगर के वार्डवासियों को नगर पालिका पर ही पूरी तरह से निर्भर रहना पड़ता है। पानी सप्लाई मोटर जल जाने पर विकल्प के रूप व्यवस्था कोई नहीं है न ही नगर पालिका के द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई। और ना ही इस पर चर्चा होती।पुराने स्त्रोतों की अनदेखीनगर में जो जल स्त्रोत पूर्व मे देखे जा रहे हैं उन्हें भी नजर अंदाज कर दिया जा रहा है नदी नाले कुऐ पुराने जल स्त्रोत धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में स्थित कुओ की मरम्मत और साफ सफाई की दिशा में नगर पालिका ने कोई ध्यान नहीं दिया यहां वर्षों पूर्व कालरी की सवालिस कंपनी द्वारा लगभग एक दर्जन कुए खुदवाई गए थे जो स्थानीय निवासियों की पानी की आवश्यकता पूरी करते रहे कई वर्षों तक उन कुओ की उपयोगिता बरकरार रही लेकिन अब वह उपेक्षा के चलते बदहाली एवं दुर्घटनाओं का केंद्र मात्र बनकर रह गए हैं।कुओं की नहीं हुई मरम्मत नगरीय सौदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों खर्च हो गए लेकिन आज भी नगर में कई ऐसे कुऐ है जो बदहाली का दंश झेल रहे हैं इन कुओ में पानी होने के बाद भी रखरखाव और साफ सफाई पाठों की मरम्मत ना होने के चलते कचरो से पुराने जलस्त्रोत अंतिम सांसे गिन रहे हैं मुख्य रूप से विलियस नंबर 1 कुआं धनपुरी नगरपालिका के समीप पोस्ट ऑफिस के समीप वार्ड नंबर 19 में बना कुआं व्वाज, गर्ल स्कूल में बना कुआं संग्राम सिंह सफाई वार्ड नंबर 21 में स्थित कुऐ साफ सफाई मरम्मत के अभाव मे बदहाली का दंश झेल रहे हैं। मिल सकती है निजात सवालिस कंपनी के द्वारा नगर वासियों के लिए पानी पीने के लिए कुएं बनाए गए थे जो आधा दर्जन नगर के विभिन्न वार्डों में आज भी स्थापित है लेकिन रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे अंतिम सांस ले रही हैं नगर पालिका अगर जल स्त्रोत को बचाते हुए कुए के ऊपर हैंडपंप की व्यवस्था बना दी जाए तो वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जरूरतमंद वार्ड वासियों को पानी मिलेगा और जल स्त्रोत बचा रहेगा।






**कथा का चौथा दिन**

## भागवत कथा का आयोजन 10 से 17 मई तक





**धनपुरी।**

भागवत कथा प्राप्त करने के लिए मित्र पिता भाई ईस्ट या शत्रु में से कोई एक संबंध बना लेना चाहिए जिससे प्रेम में वृद्धि और मुक्तिपथ प्रशस्त हो जाता है। संगीतमय श्री भागवत कथा सप्ताह का आयोजन धनपुरी वार्ड नंबर 4 दूरभाष केंद्र के पास 10 से 17 मई तक किया जा रहा है। भागवत कथा परमपूज्य सद्गुरुदेव भगवान एवं पूर्वजों की कृपा से पूजनीय पिताजी रामनाथ वर्मा एवं माता स्व. शांति वर्मा के पुण्य स्मृति के पावन अवसार पर आशाराम वर्मा श्रीमती लीलावती वर्मा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ करने का अवसर प्राप्त हुजा है।कथा का वाचन आचार्य श्री अंजनी प्रसाद शास्त्री जी वृन्दावन धाम (गुरुजी) के द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम के प्रथम दिवस 10 मई को कलश यात्रा निकाली गई जो धनपुरी मेन रोड होते हुए आजाद चौक होते हुए मॉज्वालामुखी मंदिर पहुंची जहां पूरी विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारणो के साथ तालाब से कलश जल लेकर जुलूस भागवत कथा स्थल पर पहुंच कर कलश यात्रा समाप्त हुई जन सैलाब उमड़ाकलश या यात्रा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन को लेकर लोगों में श्रद्धा भाव देखते ही बन रही है जगह-जगह लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया और कलश यात्रा सैकड़ों लोग शामिल हुए काफिला देखते-देखते विशाल रूप ले लिया जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया। संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 10 मई से 17 मई 2024 तक कथा का समयः सायं 05 बजे से हरि इच्छा तक प्रति दिन किया जा रहा है। प्रवचन सुनने के लिए नगर के सभी वार्डों से श्रद्धालुजन वार्ड नंबर 4 दूरभाष केंद्र के पास पहुंचकर भागवत कथा पुण्य लाभ ले रहे है। महाप्रसाद का वितरण किया हर दिन किया जा रहा है। कथा श्रीमद् भागवत कथा कथा व्यास परम पूज्यश्री महाराज जी ने भक्तों को कथा अमृत पान कराते हुए कहा कि भागवत कथा को प्राप्त करने के लिए उनके साथ मित्र पिता भाई ईस्ट या शत्रु में से कोई एक संबंध बना लेना चाहिए संबंध बना लेने से भगवान से प्रेम में वृद्धि हो जाती है और मुक्ति पथ प्रशस्त हो जाता है। बैठने की उत्तम व्यवस्था भागवत कथा सुनने के लिए महिला व पुरूष की अलग अलग बैठने के लिए व्यवस्था बनाई गई है पेयजल,फैन की व्यवस्था भी की गई है जो किसी प्रकार भक्तो को परेशानी नही होगी।कार्यक्रम10 मई 2024, शुक्रवार कलश यात्रा, देवपूजन, यज्ञ प्रारंभ, श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ। 11 मई 2024, शनिवार श्री भगवान चरित्र, कपिलोपाख्यान एवं ध्रुव चरित्र 12 मई 2024, रविवार अजामिलोपाख्यान एवं भक्त प्रहलाद चरित्र 13 मई 2024, सोमवार श्री वामन चरित्र, श्रीराम चरित्र एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 14 मई 2024, मंगलवार श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग 15 मई 2024, बुधवार महारास लीला, गोपी उद्धव संवाद एवं श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह 16 मई 2024, गुरुवार श्री सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन एवं हवन ब्राह्मण भोज एवं विशाल भण्डारा 17 मई 2024, शुक्रवार।



## लीनेस क्लब ने किया अंतराष्ट्रीय मातृ दिवस का आयोजन

**धनपुरी।** लीनेस क्लब बुढार की सदस्यों ने मां के समर्पण और प्रेम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए रजवाड़ा रेस्टोरेंट में पूरे हर्षोल्लास से अंतराष्ट्रीय मातृ दिवस का आयोजन किया।क्लब अध्यक्ष लीनेस अर्चना ओझा ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा - कि इस धरती पर मां ईश्वर का दूसरा रूप है।क्लब की सभी बहनों ने मातृ दिवस के अवसर पर अपनी कविताएं,गीत और विचारों के माध्यम से मां के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।और एक दूसरे को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लीनेस शैला गुप्ता एवं अन्य लीनेस बहनें डा.आशा अग्रवाल,नागमणि माणिकपुरी, साधना अग्रवाल,स्नेहलता गुप्ता, रजनी जैन,मोनिका अग्रवाल,प्रतिमा जैन, अंजू अग्रवाल,श्यामा गुप्ता, बिंदा भगत , दिव्या रूचंदानी, ज्योति सिंह बघेल,अंजली मिश्रा की उपस्तिथि रही।




## नगर निगम द्वार संचालित आर.आर.आर केन्द्र में जरुरत मंदो को वितरित किया गया जरुरत की सामग्री

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 13.05.2024 को वॉर्ड क्र. 18 साई मन्दिर के पास आर.आर.आर. केन्द्र संचालित किया गया आर.आर.आर. केन्द्र का मुख्य उद्देश्य यह है कि जरूरत से ज्यादा जिनके पास किताबे, कपड़े, बर्तन व झोला इत्यादि सामान जो भी है उसको वहा पर दे जाए और जिनको वस्तुओं की आवश्यकता है वो ले जाए नगर निगम की इस सराहनीय कदम में नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आज हम देखते है कि जो भी हमारे घरों में पुरानी उपयोगी वस्तुएं हैं जिनका हम कोई उपयोग नहीं करते है घर में पड़ी रहती है, या हम बाहर फेक देते हैं उसका पुनः उपयोग नही हो पाता लेकिन नगर निगम के आर.आर.आर. केन्द्र में जो पुरानी बस्तुए नागरिको द्वारा दिया जाता है उसको किसी न किसी जरुरतमंद को दे दिया जाता है। जिससे वह उसका उपयोग कर सके नगर निगम रीवा द्वारा उठाये गये इस कदम के कारण आज सैकड़ो से अधिक लोगों को जरुरत की सामग्री दी गई जो की बहुत ही सराहनीय कदम है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि आइए हम सब मिलकर सराहनीय कदम में बढ़-चढ़ कर भाग लें और ज्यादा से ज्यादा लोगो तक यह लाभ पहुंचाएं।

## कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

**रीवा।** खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खेत में आम बीनने को लेकर हुआ विवाद, थाने में नहीं लिखी गई रिपोर्ट, पीड़ित परिवार ने एसपी से की शिकायत



**रीवा।**

जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र मारपीट की घटना सामने आई है खेत में आम बिनने गए परिवार के सदस्य आपस में भिड़ गए जिसमें एक पक्ष ने मां बेटी और बेटे पर लाठी डंडे से हमला कर मारपीट किया मामले का वीडियो भी सामने आया लेकिन सेमरिया पुलिस ने मामला नहीं दर्ज किया।जिससे फरियादी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए न्याय की मांग किया है। फरियादी पूजा तिवारी पत्नी राम भूषण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अपनी पुत्री दिव्यांशी तिवारी एवं पुत्र साहिल तिवारी के साथ बाबई गांव में रहती हूं। मेरा पति राम भूषण तिवारी बिलासपुर छत्तीसगढ़ में लगभग 5 वर्षों से वहां रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं 9 तारीख को लगभग शाम 5:00 बजे आंधी तूफान आने के कारण मेरे हिस्से के आम के खेत में कई सारे आम गिर गए थे। जिसको हम लोग अपने ही खेत में बिनने गए हुए थे। तभी हमारे चाचा ससुर हरि विष्णु तिवारी व उनकी पत्नी सुभद्रा तिवारी मेरे पास आई और बोली कि आम क्यों बिन रहे हो यह आम का पेड़ मेरा है। तब मैंने बोला कि यह आम का पेड़ हमारे बंटवारे में भी है। इतने में उन लोगों ने हम लोगों के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। फरियादियों ने बताया कि हमारी शिकायत सेमरिया थाने में नहीं लिखी गई है। जिससे हम लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर मामले की जांच कराकर न्याय की मांग किए है।

### इनका कहना है

जांच के लिए आवेदन एसडीओपी को भेजा गया है। जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**विवेक लाल**
**एडिशनलएसपी रीवा।**

### ठेकेदार की हीला हवाली एवं जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण निर्माण कार्य हुआ ठप

## नईगढ़ी नगर परिषद के सिगदार तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य अधर में

**मऊगंज।**



कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा समीक्षा बैठक दौरान निर्माण कार्यों में प्रगति लाने एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु संबंधी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। लेकिन यहां हालात कुछ इस कदर है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी एवं ठेकेदारों की हीला हवाली के कारण निर्माण कार्य अधर में लटके हुए हैं। कुछ इसी तरह का मामला मऊगंज जिले के नगर परिषद नईगढ़ी स्थित सिगदार तालाब सौंदर्यीकरण का देखने में आया जहां करीब दो माह पूर्व संबंधित ठेकेदार द्वारा एक-दो दिन के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसके बाद निर्माण कार्य बंद हुआ तो पुनः चालू नहीं हो सका। गौरतलब है कि जिले के नईगढ़ी नगर परिषद क्षेत्र के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर ऐतिहासिक धर्मस्थल परिसर स्थित सिगदार तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु अमृत 2 योजना के तहत 29.63 लाख रुपए की लागत से पूरे परिसर का कायाकल्प किए जाने की कार्य योजना है। योजना के तहत प्रशासकीय स्वीकृत उपरांत ठेकेदार के माध्यम से कार्य कराए जाने की स्वीकृत प्रदान की गई। कार्य योजना के शुरुआती दौर में संबंधित ठेकेदार द्वारा महज दो दिन के लिए कार्य प्रारंभ किया गया। तालाब के समतलीकरण हेतु दो दिन तक जेसीबी मशीन चलाई गई इसके बाद काम बंद हुआ तो आज तक पुनः चालू नहीं हो पाया। जबकि जून माह से पहले युक्त कार्य पूर्ण किए जाने की योजना थी। लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी एवं संविदाकार द्वारा बर्ती जा रही हीला हवाली के कारण कार्य आज भी ठप पड़ा हुआ है। गौरतलब है कि श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर सिगदार तालाब एक ऐसा स्थान है जो राजतंत्र कार्यकाल से नईगढ़ी ही नहीं पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध रहा है ।




## दो युवकों पर महिला के साथ छेड़छाड़ और अस्मत लूटने की कोशिश का लगा आरोप

**मऊगंज।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतुलखी निवासी सकीला बानो पति अब्दुल रसूफ ने गांव के दो लोगों पर छेड़छाड़ और अस्मत लूटने की कोशिश का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि वह गांव में सूखे गोबर की उप्पल बिनने नदी के किनारे गई थी जहां सुनसान जगह में महिला को अकेला पाकर गांव के ही फिरोज अंसारी पिता मुन्ना अंसारी निवासी पतुलखी और कुद्दूस इन दो व्यक्तियों द्वारा जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया महिला द्वारा बताया गया है कि अचानक पीछे से आकर दो युवक पकड़ लिए और उसके कपड़े फाड़ दिए और और उसकी अस्मत लूटने की कोशिश किए तभी महिला हल्ला गुहार मचाई।

## खबर संक्षेप

### किसान 20 मई तक कर सकेंगे गेहूं का विक्रय

**अनूपपुर।** कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि में वृद्धि करते हुए 20 मई 2024 तक बढ़ाई गई है। अब जिले के किसान गेहूं विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्रों पर 20 मई तक स्लॉट बुक कर गेहूं विक्रय कर सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने दी है।

### चाय की चुस्कियों के साथ कमिश्नर ने शिक्षकों से की चर्चा



**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में चाय का लुत्फ उठाते हुए अनूपपुर जिले के शिक्षक राजबहोर पयासी, छोटे लाल सिंह, पी.सी. कुशवाहा, रवि शंकर पनिका से चर्चा की तथा शिक्षको के विचार एवं अनुभवों से रूबरू हुए। इस दौरान कमिश्नर ने शिक्षकों से विद्यालय की गतिविधि, विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षा व्यवस्था, नैतिक शिक्षा, स्कूल की परेशानी, स्कूल भवन, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव कमिश्नर के समक्ष रखें। इस दौरान उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल पुरुष व महिला खिलाड़ियों का हुआ चयन



**अनूपपुर।** जिला वालीबाल संघ अनूपपुर ने 69वीं राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल पुरुष महिला का 12 मई को जिला खेल परिसर अनूपपुर में जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा की उपस्थिति में खिलाड़ियों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 26 मई तक मुरैना जिले के अंबाह में होगी। इस प्रतियोगिता में जिले से 12 खिलाड़ियों का पुरुष वर्ग में एवं 12 खिलाड़ियों का महिला वर्ग में चयन किया गया है। इनके चयन पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, उपाध्यक्ष सोमनाथ प्रचेता, अमित शुक्ला सचिव रामचंद्र यादव, सहसचिव एवं स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल, सहसचिव हरिशंकर यादव, जितेंद्र पनिका सहित सभी वालीबाल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य इन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए एवं चयन पर आर्शीवाद एवं बधाई दी।

### भारत ज्योति स्कूल सहित 3 अन्य स्कूलों की मान्यता समाप्त का प्रस्ताव



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय सहित जिले की अशासकीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कई कमियां पाई गई थीं, जिसमें फीस वृद्धि की जानकारी, पुस्तकों की सूची सभी दुकानदारों को उपलब्ध नही कराए जाने तथा मापदण्ड के अनुसार संस्था संचालित नही करने पर कारण विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह धुर्वे ने बताया कि गत दिनों जिले की अशासकीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कई कमियां पाई गई थीं। जिसमें फीस वृद्धि की जानकारी निर्धारित प्रारूप में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में नही भेजे जाने, पुस्तकों की सूची सभी दुकानदारों को उपलब्ध नही कराए जाने तथा मापदण्ड के अनुसार संस्था संचालित नही करने पर 4 विद्यालयों सनबीम कान्वेंट स्कूल अनूपपुर, भारत ज्योति अनूपपुर, सनराईज स्कूल बिजुरी तथा न्यू स्टेला लहरपुर जैतहरी के विरूद्ध मान्यता समाप्त करने एवं आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए लोक शिक्षण शहडोल संभाग शहडोल के संयुक्त संचालक को प्रस्ताव भेजा गया है।

# ...तो यहां पान की दुकान में मिल रहा सट्टे का सामान

## पवित्र नगरी अमरकंटक को अपवित्र करने पर आमादा पान ठेला संचालक

*पवित्र नगरी अमरकंटक आज कल अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। एक तरफ अमरकंटक पुलिस दावा करती है कि सब कुछ ठीक चल रहा है पर कैसे ठीक चल रहा है उसकी बानगी यहां देख सकते है। सूत्र बताते है कि पूर्व मे एक तरफ एक सटोरिया को तो पुलिस ने निपटा दिया पर दूसरी तरफ एक नये सट्टा किंग को तैयार कर पान की दुकान मे सट्टे की कमान सौंप दी गई।*

### पवित्र नगरी में पुलिस के संरक्षण में अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद

फालोअप

### जगह-जगह पर सट्टा और शराब का कारोबार जारी



सट्टा व शराब के काले कारोबार ने पवित्र नगरी में फैलाया जाल

जगह-जगह चल रहा सट्टे का कारोबार, पवित्र नगरी को कर रहे बदनाम

अवैध शराब के धंधे ने भी पकड़ा जोर, शराब माफिया की चर्चा चहुंओर

पवित्र नगरी की पवित्रता बरकरार रखने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग

आपनी पवित्रता व शुचिता के लिए विख्यात पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों कुछ अराजक तत्वों के कारण अपवित्र होते जा रही है जिसमे स्थानीयजनों की प्रभावी भूमिका है जिस कारण जहां एक ओर यहां की पवित्रता की गूंज सुनकर आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को अजीब लग रहा है वहीं

शह पर चालू हुआ खेल

बेमानी के धंधे में ईमानदारी

नाबालिग भी है शामिल

**अनूपपुर।**

अमरकंटक थाना क्षेत्र में अवैध सट्टा व शराब का कारोबार खूब फल फूल रहा है जो अमरकंटक के लिए ठीक नही है। एक तरफ पवित्र नगरीय अमरकंटक का दर्जा दिया जाता है तो वही दूसरी तरफ अवैध मदिरा पवित्र नगरी को अपवित्र कर रही है। कभी चोरी-छिपे चलने वाला सट्टा बाजार व अवैध शराब कारोबार आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में पवित्र नगरी अमरकंटक मे खुलेआम संचालित हो रहा है। ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है, उससे यही प्रतीत होता है कि खाईवाल को कानून का कोई खौफ नहीं है। पवित्र नगरी में इस खेल के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि बच्चे से लेकर बूढ़े भी दिन-रात अंकों के जाल में उलझे रहते हैं।

#### पवित्र नगरी सहित गांवों मे भी गोरखधंधा

पवित्र नगरी सहित आस-पास गांव में सट्टे का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है, इसके जरिए हर दिन लाखों के बारे न्यारे किए जा रहे हैं। इन दिनों मोबाइल फोन सटोरियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। क्षेत्र में जगह-जगह सटोरियों ने अपने ठिकाने बनाएं हुए हैं। यहां बेखौफ सट्टे पर दांव पेच लगाए जा रहे हैं। इसमें सवाल भी उठता है कि क्या खाकीधारी इन सब से अंजान है या फिर इन धंधेबाजो व संरक्षण दाताओं से वाकिफ होने के बावजूद पुलिस मूकदर्शक बनी बैठी है। इसका जवाब चाहे जो भी हो किंतु वास्तविकता यह है कि पुलिस की नाकामी की बदौलत सट्टे व शराब का धंधा दिन दूनी, रात चौगुनी तरक्की कर रहा है।

#### चाय दुकान की आड़ में बिक रहा अवैध शराब

अमरकंटक में इन दिनों बेखौफ होकर अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। यह सब देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इन लोगों को मानो अवैध शराब बेचने का लाइसेंस दे दिया गया हो, जिससे वे बेखौफ होकर शराब परोस रहे है। कुछ चाय दुकानों में गर्म चाय से अधिक ठंडी चाय बिक रही है। यदि समय-समय पर पुलिस द्वारा क्षेत्र भर में संचालित चाय दुकान, पान ठेले, किराना दुकान, सैलून व ढाबो में दबिश दी जाए, तो इन अवैध कारोबार पर अंकुश लग सकता है। जमुना दादर व बस स्टेण्ड मे यह कारोबार बदस्तूर जारी है।

#### गांव तक एजेंट सक्रिय

क्षेत्र में लगभग हर गांव तक ऐसे एजेंट सक्रिय है, जो विभिन्न स्थानों पर लोगों को प्रलोभन देखकर सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। क्षेत्र में इन एजेंटों के माध्यम से सट्टा खेलने वालों के नंबर पर्ची व रकम मुख्य सटोरिया तक पहुंचती है। क्षेत्र में हर दिन लाखों रुपए का सट्टा खेला जा रहा है वहीं पुलिस इस पर कार्यवाही करने से पूर्व शिकायत का इंतजार कर रहे हैं, जो शिकायत न होने का हवाला देते हुए कार्रवाई से अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

#### सीधे अमीर बनने के चक्कर में फंस रहे गरीब

इस धंधे में संलिप्त लोग, जो किसी वक्त रोजी-रोटी से मोहताज थे, आज इस धंधे की बदौलत धन्ना सेठ बन गए हैं। इसके विपरीत खासकर दिन भर खून पसीना बहा कर मेहनत मजदूरी कर बमुश्किल 2 वक्त की रोटी कमाने वाले श्रमिक इन सटोरियों और शराब कारोबारियों के नियमित ग्राहक हैं। यह गरीब सीधे अमीर बनने के चक्कर में फंस रहे हैं लेकिन इन गरीब को अमीर बनाने की चाहत तो पूर्ण नहीं हो रही, परंतु सट्टेबाज अवश्य अपनी तिजोरी भर रहे हैं। जानकारी मुताबिक सट्टा खेलने वाला व्यक्ति 1 से 100 तक अंको में नंबर चेक कर उस पर रकम खर्च करता है। यदि चयन किया गया नंबर फिट बैठ जाता है, तो सट्टे पर लगाई रकम का 80 गुना पैसा मिलता है।

#### पान की दुकान मे मिल रहा सट्टे का सामान

पवित्र नगरी मे पान दुकान की आड़ मे सट्टे का काला कारोबार फैलाने का बीड़ा उठाया है और यही कारण है कि यहां औसत से अधिक संख्या मे लोग सट्टे के मोहजाल मे फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। पान दुकान का संचालक सेन अपना मूल कार्य छोड़कर इन दिनों रातों रात करोड़पति बनने के चक्कर मे यहां के निवासियों समेत यहां आने वाले लोगों को भी अपने मकड़जाल मे फंसाने की कोशिश कर उन्हे बर्बाद करने पर तुला हुआ है। यहां नगर पालिका के पास, नगर पालिका के बने काम्पलेक्स, बस स्टेण्ड, बांधा कपिलधारा रोड और टिकरी टोला मे सट्टे का कारोबार आबाद है।

# 16 वर्ष पुराने मामले में जिपं सीईओ व आरईएस के ईई को हाईकोर्ट का नोटिस






### एक सप्ताह में दूसरी बार जिला पंचायत को जारी हुआ अवमानना नोटिस

**अनूपपुर।**

जिला पंचायत अनूपपुर की कार्यप्रणाली उच्च न्यायालय जबलपुर सवाल उठा रहीं है इसके बाद भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है। उच्च न्यायालय जबलपुर ने एक बार फिर नोटिस जारी किया हैं। जिला पंचायत के अंतर्गत कार्य करने वाले विभाग कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में निविदाकार धर्मेंद्र कुमार चौबे के 16 वर्ष पुराने का बकाया 12.17 लाख रुपयें का भुगतान नहीं किये जाने पर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास भोपाल मलय श्रीवास्तव एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनूपपुर सुगंध प्रताप सिंह को चार सप्ताह में जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। याचिकाकर्ता की तरफ से दीपक कुमार पांडे और अनुभव सिंहल ने पक्ष रखा। अधिवक्ता दीपक कुमार पाण्डेय ने बताया कि निविदाकार धर्मेंद्र कुमार चौबे द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतगर्त ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में वित्तीय वर्ष 2009, 2010, 2011, 2012 में विभाग द्वारा दिए गए स्वीकृत कार्य किए करने के पश्चात 12 लाख 17 हजार रुपए का भुगतान नहीं किये जाने से परेशान निविदाकार धर्मेंद्र कुमार चौबे ने उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण लेते हुए याचिका प्रस्तुत किया था, जिस पर उच्च न्यायालय ने 60 दिवस के अंदर भुगतान करने के निर्देश दिए थे, इसके बाद कई बार आवेदन देने पर भी भुगतान नही होने पर याचिका कर्ता ने उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका प्रस्तुत की। जिस पर उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास भोपाल मलय श्रीवास्तव एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनूपपुर सुंगध प्रताप सिंह को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जिले में बैठे अधिकारी शासन के आदेश के बाद भी न्यायालय के आदेश का समय पर पालन नही किया जा रहा है। जिससे व्यथित होकर कार्य करने वालो को हाईकोर्ट की शरण में जाना पड़ता है जिससे अनावश्यक समय और पैसा लगता है जिला पंचायत अनूपपुर को एक सप्ताह में दूसरी बार अवमानना का नोटिस जारी हुआ है।

# धूमधाम से मनाया गया कि आदि गुरु शंकराचार्य जी का अवतरण दिवस

### नवगठित संत समाज समिति ने अमरकंटक मे किया विशेष पूजन

**अमरकंटक।**



संतों की नगरी अमरकंटक में नवगठित संत समाज समिति की तरफ से भगवान आदि गुरु शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस पर गीता स्वाध्याय आश्रम अमरकंटक में संत समाज के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ संतगण एकत्रित होकर भगवान आदि गुरु शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस पर विशेष पूजन आरती एवं उनके जीवन के आदर्शों का व्याख्यान कर व श्रवण कर कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें संत समाज के प्रमुख संत मार्कण्डेय ऋषि की तपोस्थली एवं अग्नि अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद जी महाराज ने आदि गुरु भगवान शंकराचार्य जी के जीवन के विषय में विस्तार से बताया कि अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्याता आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म दक्षिण भारत के केरल प्रान्त में 788 ईस्वी में काली ग्राम में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था, लेकिन अपने जीवन का अधिकांश समय उन्होंने उत्तर भारत में व्यतीत कियो शंकराचार्य के बचपन का शंकर थो आगे चलकर यह शंकर शंकराचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए।

#### आत्मा की गति मोक्ष में है

शंकराचार्य ने अपनी अपनी अन्य निष्ठा के फलस्वरूप अपने गुरु से शास्त्रों का ज्ञान ही नहीं प्राप्त किया अपितु ब्रह्मत्व को भी अनुभव किया। जीवन के व्यावहारिक तथा आध्यात्मिक पक्ष की सत्यता का ज्ञान उन्हें काशी में प्राप्त हुआ। काशी में गंगा तट पर शंकराचार्य का सामना एक चाण्डाल से हुआ। उसके स्पर्श से शंकराचार्य कुपित हो उठे चाण्डाल ने हंसते हुए शंकराचार्य से पूछा, आत्मा और परमात्मा तो एक हैं जिस देह से तुम्हारा स्पर्श हुआ, अपवित्र कौन है? तुम या तुम्हारे देह का अभिमान? परमात्मा तो सभी की आत्मा में है तुम्हारे सन्यासी होने का क्या अर्थ है जब तुम ऐसे विचार रखते हो। कहा जाता है कि चाण्डाल के रूप में स्वयं भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन देकर ब्रह्म और आत्मा का सच्चा ज्ञान दिया। इस ज्ञान प्राप्ति के पश्चात वे दुर्ग रास्तों से होते हुए बद्रीकाश्रम पहुंचे यहाँ चार वर्ष तक रहने के पश्चात केदारनाथ पहुँचे जहाँ उनका सामना मण्डन मिश्र नामक एक कर्मकांडी ब्राह्मण से हुआ जिसको इन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित किया और तत्पश्चात उनकी पत्नी उभय भारती को भी हराया। मात्र 32 वर्ष की अवस्था में शंकराचार्य निर्वाण को प्राप्त हुए। इस छोटी सी उम्र में भारत भ्रमण कर हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। अमरकंटक के संत समाज में प्रमुख रूप से आचार्य महाबलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद जी महाराज, गीता स्वाध्याय के स्वामी नर्मदानंद जी महाराज, कल्याण आश्रम स्वामी धमार्नंद जी महाराज, धारकुंडी आश्रम से स्वामी लवलीन जी महाराज एवं अन्य संत समाज के अन्य सदस्यों में दिनेश साहू, शिव खैरवार, श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू, राम नरेश शास्त्री उपस्थित रहे।

# सुरक्षित आवागमन में बाधक बने रहे रास्तों मे पड़े निर्माण सामग्री

## जानकारी के बावजूद नगर पालिका कार्यवाही से कर रही गुरेज

**कोतमा।**



नगर में भवन निर्माणकर्ताओं का मनमाना रवैया लोगों के लिए परेशानी बना हुआ है। इनके स्वयं की सुविधा को लेकर सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डलवाने पर हर दिन आवागमन में लोगों को परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में दिखाई नहीं देने पर इससे टकराकर कई चोटिल, घायल होते हैं। नगर पालिका प्रशासन को समस्या से अवगत करवाने व अधिकारियों के कोई कार्रवाई नहीं करने से लोगों में रोष है। नगर में जगह-जगह भवन निर्माण तो मरम्मत के कार्य कर चल रहे हैं। ऐसी कोई मोहल्ला या गली नहीं है, जहां कार्य नहीं चल रहा है। अधिकांश लोगों ने स्वयं की सुविधा के अनुसार निर्माण सामग्री डलवा रखी है। भवन निर्माण कार्य में ईंट, पत्थर, रेत, बजरी, लोहा सरिया आदि की जरूरत पर भवन मालिक बार-बार लाने के चक्कर से बचने के लिए एक मुश्त खरीदते हैं। घर के आगे या इसके पास से गुजरने वाली सड़क पर डालते हैं। कई लोग तो सड़क के बीचो बीच सामग्री डालते है। इससे सड़क से आवागमन पूरा ही बंद हो जाता है। इसके अलावा सड़क के बीच डाली निर्माण सामग्री पर आवागमन में राहगीरों, वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। रात्रि के अंधेरे पर सड़क पर रखी निर्माण सामग्री दिखाई नहीं देती है। इस पर कई वाहन चालक इससे टकराकर चोटिल, घायल होते है। नगर में जगह-जगह सड़कों पर भारी मात्रा में पड़ी निर्माण सामग्री पर हर दिन हजारों लोग परेशान होते हैं। इससे परेशान कई लोग नगर पालिका को समस्या से अवगत करवा कार्रवाई की मांग कर चुके हैं, लेकिन किसी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे आमजन की परेशानियां कम होने की बजाए बढ़ती ही जा रही है। इससे आमजन में रोष है।

#### हर दिन होती परेशानी

नगर में जगह जगह सड़क पर भवन निर्माण सामग्री पड़ी है। इस पर आवागमन में हर दिन बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। नगर के भवन निर्माणकतार्ओं के मनमाने रवैये से हर दिन हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। रात्रि के अंधेरे में निर्माण सामग्री दिखाई नहीं देने पर हादसे होते हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 13 लहसुई कैंप मे स्टेडियम के सामने सड़क के किनारे नाली का निर्माण कार्य नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण के उपयोग के लिए मंगाई गई रेत गिट्टी को बीच सड़क पर रखवा दिया गया है जिससे आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जिले में नल-जल योजना अंतर्गत सभी कार्य कराएं पूर्ण - कलेक्टर

### कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अनूपपुर।**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नल-जल योजना के अंतर्गत सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी गांव-गांव भ्रमण करें तथा पेयजल की स्थिति की जानकारी भी समय-समय पर लें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत कोठी में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने नल-जल योजना के तहत एक सप्ताह के भीतर जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्राम लांघाटोला में नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाईप लाईन के क्षतिग्रस्त होने पर उसे शीघ्र सुधारने के संबंध में निर्देश दिए। ग्राम पड़ौर के बैगानटोला में भी पानी की समस्या को दूर करने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पोंड़ी-चोंड़ी एवं बुढ़ानपुर में बंद नल-जल योजना के शीघ्र चालू करवाए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती माताओं के हीमोग्लोबीन की जांच समय-समय पर सुनिश्चित की जाए तथा जांच के परिणाम में आने वाले अंतर की भी समीक्षा करें तथा उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना सुनिश्चित करें। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में खराब हीमोग्लोबिन मीटर बदलवाएं जाए। उन्होंने सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को अपने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को परामर्श धात्री समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के पालन में की गई कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं बैठक में उन्होंने जिले के नव निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्रो के भवनों की उपयोगिता सुनिश्चित करने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए।

